# डाउनलोड

# बिहार लोक सेवा आयोग

# (बीपीएससी) 41वीं

# प्रारंभिक परीक्षा

# प्रश्न पत्र

Downloaded from: www.studymarathon.com

# 41वीं BPSC संयुक्त प्रतियोगिता (P.T.) परीक्षा-1996

## सामान्य अध्ययन

**1. पटना को प्रांतीय राजधानी बनाया था-**

(A) शेरशाह ने (B) अलाउद्दीन हुसैनशाह ने
(C) इब्राहीम लोदी ने (D) राजकुमार अजीम ने

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-वर्तमान पटना के निर्माण का श्रेय शेरशाह को है। तारीखे दाउदी के अनुसार शेरशाह ने 1541 में इस नगर में एक सुदृढ़ किले का निर्माण कराया। यही नगर बिहार प्रांत की राजधानी बना।

**स्रोत**-1. बिहार : एक परिचय/कमर अहसन, इम्त्याज अहमद/नेशनल पब्लिकेशन/2011/पृष्ठ सं॰-62
2. सृजन बिहार विशेष विशेषांक/पृष्ठ सं॰-35

**2. छोटानागपुर काश्तकारी कानून कब पारित हुआ ?**

(A) 1908 में (B) 1902 में
(C) 1990 में (D) 1875 में **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-बिरसा मुंडा के आंदोलन (1899-1900) के बाद अंग्रेजों ने 1902-03 में छोटानागपुर क्षेत्र में फिर से भूमि की माप की तथा 1908 में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम पारित किया। इसके अनुसार छोटानागपुर क्षेत्र में बाहरी लोगों को भूमि हस्तांतरण पर रोक लगा दी गई।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं॰-117

**3. बिहार में गोहत्या रोकने के लिए गोरक्षिणी सभाओं की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?**

(A) 1877 में (B) 1882 में
(C) 1893 में (D) 1897 में **उत्तर-(B)**

**4. किस वर्ष उड़ीसा बिहार से पृथक् हुआ ?**

(A) 1930 में (B) 1933 में
(C) 1936 में (D) 1937 में **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-01 अप्रैल, 1936 को उड़ीसा को बिहार से अलग कर दिया गया। इससे पूर्व 12 दिसंबर, 1911 को बिहार-उड़ीसा को बंगाल से अलग करने की घोषणा हुई थी तथा नए प्रांत का गठन मार्च, 1912 को हुआ था।

**स्रोत**-सृजन बिहार विशेष/PT विशेषांक/पृष्ठ सं॰-7

**5. कवि 'बाण' निवासी था-**

(A) पाटलीपुत्र का (B) थानेश्वर का
(C) भोजपुर का (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-हर्षचरितम् के द्वितीय उच्छ्वास में बाण ने अपने वात्स्यायन गोत्र के होने तथा प्रीतिकूट नगर का निवासी होने की सूचना दी है। प्रीतिकूट को बिहार में सोन नदी के किनारे बसा माना जाता है।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव यूनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-469

**6. ह्वेनसांग की भारत-यात्रा के समय सूती वस्त्रों के उत्पादन के लिए सबसे प्रसिद्ध नगर था-**

(A) वाराणसी (B) मथुरा
(C) पाटलीपुत्र (D) काँची **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-ह्वेनसांग की भारत-यात्रा (630-644) के समय उत्तरी भारत में हर्षवर्द्धन (600-647) का शासन था। इस समय मथुरा सूती वस्त्रों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध था।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-493

**7. पाटलीपुत्र स्थित चंद्रगुप्त मौर्य का महल मुख्यतः बना था-**

(A) ईंटों का (B) पत्थर का
(C) लकड़ी का (D) मिट्टी का **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-पाटलीपुत्र नगर स्थित चंद्रगुप्त मौर्य का भव्य राजप्रासाद अनेक स्तंभों वाला भवन था, जो लकड़ी के धरातल पर स्थित था। पटना के समीप बुलंदीबाग तथा कुमहरार की खुदाई में लकड़ी के विशाल भवनों के अवशेष मिले हैं। इस उत्खनन का श्रेय 'स्पूनर' महोदय को है।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के. सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-271

**8. बुद्ध के जीवन की चार महत्वपूर्ण घटनाओं तथा उनसे संबंधित चार स्थानों का नीचे उल्लेख है। स्तंभ-I और स्तंभ-II का सही सुमेल करें-**

| स्तंभ-I | स्तंभ-II |
|---|---|
| (a) जन्म | 1. सारनाथ |
| (b) ज्ञान प्राप्ति | 2. बोधगया |
| (c) प्रथम प्रवचन | 3. लुंबिनी |
| (d) निधन | 4. कुशीनगर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-बुद्ध का जन्म 563 ईसापूर्व में कपिलवस्तु के समीप लुम्बिनी वन में हुआ। छह वर्षों की साधना के बाद 35 वर्ष की अवस्था में वैशाख पूर्णिमा की रात को बोधगया में पीपल वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। सारनाथ (ऋषि-पत्तन) में उन्होंने अपना पहला उपदेश

Downloaded from: www.studymarathon.com

दिया, जिसे 'धर्मचक्र-प्रवर्तन' कहते हैं। कुशीनगर में 483 ईसापूर्व में 80 वर्ष की अवस्था में उन्होंने शरीर त्याग किया। इसे 'महापरिनिर्वाण' कहते हैं।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-825 तथा 829

**9. निम्नलिखित राजवंशों में किसका उल्लेख संगम साहित्य में नहीं हुआ है ?**

(A) कदम्ब (B) चेर

(C) चोल (D) पांड्य **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-अनुमानतः संगम साहित्य की रचना 100 ई॰ 250 ई॰ के बीच की गई। संगम साहित्य से हमें तमिल प्रदेश के तीन राज्यों-चोल, चेर तथा पांड्य का विवरण प्राप्त होता है।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाईटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-706

**10. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। दोनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें-**

**कथन (A) बारहवीं सदी के अंत तक नालंदा महाविहार का पतन हो गया।**

**कारण (R) महाविहार को राजकीय प्रश्रय मिलना बंद हो गया था।**

**उपर्युक्त वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन सही है ?**

(A) A और R सही है, और R, A की सही व्याख्या करता है।

(B) A और R सही है, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) A सत्य है और R असत्य है।

(D) A असत्य है और R सत्य। **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-11वीं सदी से पाल शासकों ने नालंदा के स्थान पर विक्रमशिला को राजकीय संरक्षण देना शुरू कर दिया, जिससे नालंदा का महत्व घटने लगा। 12वीं सदी के अंत में बख्तियार खिलजी ने इस महाविहार को जला डाला तथा भिक्षुओं की हत्या कर दी। इस तरह, इस महान् शिक्षा-केन्द्र का दुखद अंत हुआ।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-773

**11. किस इतिहासकार ने शाहजहाँ के शासनकाल को मुगल काल का 'स्वर्णयुग' कहा है ?**

(A) वी.ए. स्मिथ (B) जे. एन. सरकार

(C) ए. एल. श्रीवास्तव (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-एल्फिन्सटन ने शाहजहाँ काल को 'मुगलकाल के स्वर्णयुग' की संज्ञा दी है।

**12. हुमायूँ द्वारा लड़े गए चार प्रमुख युद्धों का तिथि अनुसार सही क्रम अंकित करें।**

(A) चौसा, देवरा, कन्नौज, सरहिंद

(B) देवरा, कन्नौज, चौसा, सरहिन्द

(C) सरहिन्द, देवरा, चौसा, कन्नौज

(D) देवरा, चौसा, कन्नौज, सरहिन्द **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-देवरा का युद्ध (दौहरिया का युद्ध) (अगस्त, 1932)-महमूद लोदी के विरुद्ध।

चौसा का युद्ध (26 जून, 1539)-शेरशाह के विरुद्ध

कन्नौज का युद्ध (17 मई, 1540)-शेरशाह के विरुद्ध

सरहिन्द का युद्ध (22 जून, 1555)-सिकंदर सूरी के विरुद्ध।

**स्रोत**-भारत का इतिहास (1000-1707) आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव / शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं॰-339, 346, 348, 359

**13. अलाउद्दीन खिलजी के प्रसिद्ध सेनापतियों में किसकी मृत्यु मंगोलों के विरुद्ध लड़ते हुए हुई थी ?**

(A) जफर खाँ (B) नुसरत खाँ

(C) अल्प खाँ (D) अलुग खाँ **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-1299 में कुतलुग ख्वाजा के नेतृत्व में मंगोलों ने दिल्ली पर हमला किया। इसमें अलाउद्दीन खिलजी का सेनापति जफरखाँ मारा गया।

**स्रोत**-भारत का इतिहास (1000-1707) आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं॰-122

**14. कुतुबुद्दीन ऐबक की राजधानी थी-**

(A) लाहौर (B) दिल्ली

(C) अजमेर (D) लखनौती **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-ऐबक का राज्याभिषेक गोरी की मृत्यु के तीन माह बाद 24 जून, 1206 को लाहौर में हुआ। उत्तर-पश्चिम से आने वाले संकट का सामना करने के लिए उसने दिल्ली की जगह लाहौर को राजधानी बनाया।

**स्रोत**-भारत का इतिहास (1000-1707)/आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं॰-46, 48

**15. ब्रह्म समाज की स्थापना हुई थी, वर्ष-**

(A) 1827 में (B) 1829 में

(C) 1831 में (D) 1843 में **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-राजा राम मोहन राय ने 1829 में ब्रह्म सभा की स्थापना की, जिसे बाद में ब्रह्म समाज कहा गया। इसका उद्देश्य हिन्दू धर्म को स्वच्छ बनाना तथा एकेश्वरवाद की शिक्षा देना था।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/बिपिन चंद्र/NCERT/1986/पृष्ठ सं॰-102

**16. निम्नलिखित में से कौन आत्मीय सभा के संस्थापक थे?**

(A) राजा राम मोहन राय (B) स्वामी दयानंद सरस्वती

(C) स्वामी विवेकानंद (D) अरविंद घोष **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-राजा राम मोहन राय ने 1814 में East India



Downloaded from: www.studymarathon.com

Company की नौकरी छोड़ने के बाद 1815 में कलकत्ता में 'आत्मीय सभा' की स्थापना की।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं॰-97

**17. निम्नलिखित में किसने 'ऑल इंडिया मुस्लिम लीग' की स्थापना की थी ?**

(A) सैय्यद अहमद खाँ (B) मोहम्मद इकबाल
(C) आगा खाँ (D) नवाब जलीमुल्लाह खान

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-सांप्रदायिकता के सिद्धांत को ठोस आकार देते हुए सन् 1906 में आगा खाँ और ढाका के नवाब सलीमुल्लाह मोहसिनउल मुल्क के नेतृत्व में 'अखिल भारतीय मुस्लिम लीग' की स्थापना हुई।

**स्रोत**-स्वतंत्रता संग्राम/बिपनचंद्र, अमलेश त्रिपाठी, बरूण दे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं॰-83

**18. लॉर्ड वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला मराठा सरदार था-**

(A) पेशवा बाजीराव-2 (B) रघुजी भोंसले
(C) दौलतराव सिंधिया (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-वेलेजली (1798-1805) की सहायक संधि स्वीकार करने वाले राज्य थे—हैदराबाद (सितंबर, 1798 तथा 1850), मैसूर (1799) तंजौर (अक्टूबर, 1799), अवध (नवंबर, 1801), पेशवा (दिसंबर, 1801), बरार के भोंसले (दिसंबर, 1803), सिंधिया (फरवरी, 1804), जोधपुर, जयपुर, मच्छेड़ी, बूंदी और भरतपुर।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रेवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-92

**19. रणजीत सिंह ने सुप्रसिद्ध कोहिनूर हीरा प्राप्त किया था-**

(A) शाहशुजा से (B) जमान शाह से
(C) दोस्त मोहम्मद से (D) शेर अली से **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-शाहशुजा 1850 में काबुल की गद्दी पर बैठा, किंतु उसके मई शाह महमूद ने 1809 में उसे विस्थापित कर दिया। फलतः शाहशुजा ने काबुल का राज्य पाने के लिए रणजीत सिंह से सहायता मांगी और महाराजा को कोहिनूर हीरा भेंट किया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-133

**20. 1938 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए-**

(A) अबुल कलाम आजाद (B) सुभाषचंद्र बोस
(C) पट्टामि सीतारमैय्या (D) जे.बी. कृपलानी

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-फरवरी, 1938 के हरिपुरा अधिवेशन में सुभाष जी कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। पुनः जनवरी, 1939 के त्रिपुरी अधिवेशन में वे महात्मा गांधी के विरोध के बावजूद कांग्रेस के प्रधान चुने गए।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-338

**21. स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना किस वर्ष की थी ?**

(A) 1861 में (B) 1891 में
(C) 1893 में (D) 1896 में **उत्तर-(?)**

**व्याख्या**-स्वामी विवेकानंद ने 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 1897 में वे स्वदेश लौटे तथा रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/प्रशान्त दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं॰-105 एवं स्पेक्ट्रम, आधुनिक भारत-2013,पृष्ठ सं॰ 46

**नोट** : (विकल्प के अनुसार कोई उत्तर सही नहीं है।)

**22. रॉलेट एक्ट का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने विरोध किया, क्योंकि इसका लक्ष्य था-**

(A) वैयक्तिक स्वतंत्रता को सीमित करना
(B) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को प्रतिबंधित करना
(C) साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व को विस्तृत करना
(D) देशद्रोह के आरोप में राष्ट्रीय नेताओं को बंदी बनाना

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-मार्च, 1919 में सरकार ने रॉलेट एक्ट पारित किया। विरोधस्वरूप जिन्ना, मालवीय जी तथा मजहरूल हक ने काउंसिल से त्यागपत्र दे दिया। इस एक्ट के अनुसार सरकार किसी भी व्यक्ति को बिना मुकदमा चलाए तथा दोषी साबित किए जेल में बंद कर सकती थी। इस एक्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus) का अधिकार भी स्थगित कर दिया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/विपिन चंद्र/NCERT/1986/पृष्ठ सं॰-212

**23. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन किस प्रश्न पर असफल रहा ?**

(A) साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व
(B) डोमीनियन स्टेटस प्रदान करना
(C) सत्ता हस्तांतरण की तिथि
(D) सविनय अवज्ञा आंदोलन का स्थगन **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-द्वितीय गोलमेज सम्मेलन (सितंबर 7 नवंबर, 1931) में कांग्रेस की ओर से गांधीजी ने भाग लिया। किंतु इस सम्मेलन में भारत के राजनीतिक गतिरोध को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और न सांप्रदायिक समस्या को हल करने का प्रयत्न किया गया। गांधीजी निराश होकर 28 दिसंबर, 1931 को भारत लौट आए।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं॰-173।

Downloaded from: www.studymarathon.com

**24. भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित होने पर गांधीजी को कैद किया गया था-**

(A) यर्वदा जेल में (B) नैनी जेल में
(C) अहमद नगर के किले में
(D) आगा खाँ पैलेस में **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-8 अगस्त, 1942 के बंबई अधिवेशन में कांग्रेस ने भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया। 9 अगस्त को तड़के ही सभी नेताओं को कैद कर लिया गया। गांधीजी को पूना के आगा खाँ पैलेस में तथा अन्य नेताओं को अहमदनगर किले में नजरबंद कर दिया गया।

**स्रोत**-स्वतंत्रता संग्राम/बिपनचंद/अमलेश त्रिपाठी, बरुण दे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं॰-163-164

**25. निम्नलिखित में से किसने बंगाल में द्वैध शासन प्रणाली को समाप्त किया ?**

(A) राबर्ट क्लाइव (B) लार्ड कार्नवालिस
(C) वारेन हेस्टिंग्स (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-वारेन हेस्टिंग्स (1772-1785) के समय 1772 में Court of Directorsने दोहरी प्रणाली (द्वैध शासन) को समाप्त करने का निर्णय लिया। फलत: वारेन हेस्टिंग्स ने दोनों उपदीवानों (शिताब राय तथा रजा खाँ) को हटाकर उनकी शक्तियाँ खुद ग्रहण कर ली।

**26. बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व किया था-**

(A) महात्मा गांधी (B) बल्लभ भाई पटेल ने
(C) मोरारजी देसाई ने (D) राजेन्द्र प्रसाद ने
**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-प्रसिद्ध बारदोली सत्याग्रह (गुजरात) का नेतृत्व बल्लभ भाई पटेल ने किया। किसानों ने भू-राजस्व वृद्धि का विरोध किया तथा अपनी मांगें मनवाने में सफल रहे।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/बिपिन चंद्र /NCERT/1986/पृष्ठ सं॰-228

**27. निम्न में से किस सत्याग्रह में गांधीजी ने प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया ?**

(A) राजकोट सत्याग्रह (B) खेड़ा सत्याग्रह
(C) वायकोम सत्याग्रह (D) असहयोग सत्याग्रह
**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-खेड़ा (1918) असहयोग (1920) तथा वायकोम (1924-25) सत्याग्रह में गांधीजी प्रत्यक्ष रूप से शामिल थे। वायकोम (त्रावणकोर) का सत्याग्रह मंदिर प्रवेश का पहला आंदोलन था। आंदोलन के प्रमुख नेता थे—टी.के. माधवन, के. कलप्पन, के.पी. केशव मेनन नायर/गांधीजी मार्च, 1925 को वायकोम गए।

**28. भारत छोड़ो आंदोलन से उत्पन्न दंगे किस क्षेत्र में सर्वाधिक व्यापक रहे ?**

1. बिहार 2. बंगाल
3. गुजरात 4. संयुक्त प्रांत

अपना उत्तर निम्नांकित कूटों से चुनें-

(A) 1 एवं 2 (B) केवल 1
(C) 2 एवं 3 (D) 1 एवं 4 **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-पूर्वी तथा पश्चिमी संयुक्त प्रांत तथा उत्तरी बिहार में अगस्त विद्रोह (1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन) अपनी चरम सीमा पर रहा था।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-439

**29. 1857 के विद्रोह से बिहार का कौन-सा भाग अप्रभावित रहा ?**

1. दानापुर 2. पटना
3. आरा 4. मुजफ्फरपुर
5. मुंगेर

अपना उत्तर निम्नांकित कूटों में से चुनें :

(A) 4 एवं 3 (B) केवल 5
(C) केवल 4 (D) 4 एवं 5 **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-बिहार में 1857 विद्रोह की व्याप्ति—पटना 3 जुलाई, 1857, दानापुर-25 जुलाई, मुजफ्फरपुर-25 जुलाई, आरा-जुलाई, 1857, लेकिन मुंगेर इस विद्रोह से अप्रभावित रहा।

**स्रोत**-सृजन-सामान्य अध्ययन, बिहार-इतिहास, कला एवं संस्कृति/मुख्य परीक्षा विशेषांक/पृष्ठ सं॰-3 से 5 तक।

**30. स्तंभ-I में अंकित पुस्तकों का स्तंभ-II में अंकित लेखकों से सुमेल करें-**

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| (a) हिस्ट्री ऑफ द फ्रीडम मूवमेन्ट इन इंडिया | 1. ताराचंद |
| (b) हिस्ट्री ऑफ द फ्रीडम मूवमेन्ट इन बिहार | 2. डब्ल्यू. डब्ल्यू. हंटर |
| (c) आनंदमठ | 3. राजा राममोहन राय |
| (d) प्रीसेप्ट्स ऑफ जोसेस | 4. फादर बुल्के |
| (e) आवर इंडियन मुसलमान | 5. के.के. दत्ता |
| | 6. बंकिमचन्द्र चटर्जी |

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) | (e) |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 5 | 3 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 5 | 2 | 3 |
| (C) | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| (D) | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 |

**उत्तर-(C)**

**31. 1857 का विद्रोह मुख्यत: किस कारण से असफल रहा ?**

(A) हिंदू-मुस्लिम एकता की कमी
(B) किसी सामान्य योजना और केन्द्रीय संगठन की कमी
(C) इसके प्रभाव का सीमित क्षेत्र
(D) जमींदारों की असहभागिता
**उत्तर-(B)**



Downloaded from: www.studymarathon.com

**व्याख्या**-1857 विद्रोह की असफलता के कई कारण थे, जिनमें सर्वप्रमुख था केन्द्रीय नेतृत्व का अभाव तथा देश के विभिन्न भागों में हुए विद्रोहों के बीच तालमेल का अभाव। संपूर्ण आंदोलन के पास ऐसा कोई एकीकृत तथा प्रगतिशील कार्यक्रम नहीं था, जिसे सत्ता प्राप्ति के बाद कार्यान्वित किया जाता।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/बिपिन चंद्र/NCERT/1986/पृष्ठ सं०-120

**32. 1923–28 के काल में भारतीय राजनीति में क्रांतिकारी कार्यावधि की पुनरावृत्ति का कारण था-**

(A) लाला हरदयाल और लाजपत राय जैसे नेताओं का बढ़ता प्रभाव।
(B) गांधीजी द्वारा असहयोग आंदोलन का स्थगन
(C) विदेशी घटनाओं का प्रभाव।
(D) भारतीयों की मांगों को अंग्रेजों द्वारा अस्वीकार किया जाना।

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पूर्ण विफलता के कारण क्रांतिकारी आतंकवाद में पुनः उग्रता आई। बंगाल में पुरानी अनुशीलन तथा युगांतर समितियाँ पुनः जाग उठीं तथा उत्तरी भारत के लगभग सभी प्रमुख शहरों में क्रांतिकारी संगठन बन गए।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं०-313

**33. सविनय अवज्ञा आंदोलन की असफलता के बाद गांधीजी ने महत्व दिया-**

(A) रचनात्मक कार्यक्रम को
(B) हिंसा के सीमित उपयोग को
(C) अंग्रेजों से समझौते पर
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-द्वितीय गोलमेज सम्मेलन से निराश लौटने तथा सांप्रदायिक पंचाट (1932) और पूना समझौते (सितंबर, 1932) के बाद गांधीजी हरिजन उद्धार की ओर मुड़ गए। 1932 में उन्होंने हरिजन सेवक संघ की स्थापना की। 1934 में बिहार में भयानक भूकंप आया। गांधीजी ने कहा कि आंदोलन की जगह राहत कार्यों में जुट जाना चाहिए। फलतः मई, 1934 को सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस ले लिया गया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं०-174-175

**34. स्वतंत्र भारत का अंतिम गवर्नर जनरल कौन था ?**

(A) लॉर्ड माउंटबेटन
(B) सी. राजगोपालाचारी
(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-लॉर्ड माउंटबेटन (24 मार्च 1947 से 20 जून, 1948) ब्रिटिश भारत के अंतिम तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम् गवर्नर जनरल थे। सी. राजगोपालाचार्य (21 जून, 1948 से 25 जनवरी, 1950) स्वतंत्र भारत के प्रथम् भारतीय गवर्नर जनरल थे। साथ ही वे स्वतंत्र भारत के अंतिम गवर्नर जनरल भी थे। 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ तथा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम् राष्ट्रपति बने।

**35. जयप्रकाश नारायण को राष्ट्रीय स्तर के नेता के रूप में पहचान किस संदर्भ में मिली ?**

(A) भारत छोड़ो आंदोलन।
(B) कांग्रेस समाजवादी दल की स्थापना।
(C) भूदान आंदोलन
(D) उनको कांग्रेस कार्यकारिणी का सदस्य बनाया जाना।

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-1942 के आंदोलन के सरकारी दमन के बाद इस आंदोलन ने भूमिगत रूप धारण कर लिया। इन भूमिगत आंदोलनों से जुड़े नेता थे—अच्युत पटवर्द्धन, अरूणा आसफ अली, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, सुचेता कृपलानी, उषा मेहता आदि। इस संदर्भ में जयप्रकाश नारायण द्वारा गठित 'आजाद दस्ता' की भूमिका अति महत्वपूर्ण रही है।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/प्रशांत दत्त/नेशनल पब्लिकेशन/1999/पृष्ठ सं०-180

**36. नोआखली काल में महात्मा गांधी के समीप कौन थे ?**

(A) निर्मल कुमार बोस
(B) महादेव देसाई
(C) प्यारेलाल
(D) वल्लभभाई पटेल

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-नोआखाली काल (1946-47) में गांधीजी के साथ उनके निजी सचिव प्यारेलाल थे।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं०-490 (संदर्भ पृष्ठ सं०-482-490)

**37. 'करो या मरो' का नारा संबंधित है-**

(A) लाजपत राय
(B) महात्मा गांधी
(C) बालगंगाधर तिलक
(D) सुभाषचंद्र बोस

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-8 अगस्त, 1942 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में गांधीजी के नेतृत्व में व्यापक जनसंपर्क का आह्वान किया गया। साथ ही कहा गया कि यदि कांग्रेस के सभी नेता कैद हो जाएँ, तो संघर्ष में शामिल प्रत्येक व्यक्ति स्वयं अपना मार्गदर्शक बने। गांधीजी ने इसी दिन 'करो या मरो' का आह्वान किया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं०-435

**38. गदर पार्टी की स्थापना हुई थी-**

(A) 1907 में
(B) 1913 में
(C) 1917 में
(D) 1920 में

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-लाला हरदयाल ने रामचंद्र तथा बरकतुल्ला की सहायता से 01 नवंबर, 1913 को अमेरिका के सान फ्रांसिस्को नगर में गदर पार्टी की स्थापना की।

Downloaded from: www.studymarathon.com

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-312

39. **होमरूल आंदोलन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक नए चरण के आरंभ का द्योतक है, क्योंकि-**

(A) इसने देश के सामने स्वशासन की एक ठोस योजना रखी।
(B) आंदोलन का नेतृत्व गांधीजी के हाथ में आ गया।
(C) हिंदुओं और मुसलमानों ने संयुक्त संघर्ष प्रारंभ किया।
(D) इसने अतिवादियों तथा उदारवादियों के बीच पुनर्मेल स्थापित किया।

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-1907 के कांग्रेस अधिवेशन में उदारवादियों ने अतिवादियों को कांग्रेस से बाहर निकाल दिया था। होमरूल आंदोलन के बाद अतिवादियों की बढ़ती लोकप्रियता तथा गोखले तथा फीरोजशाह मेहता की 1915 में मौत के कारण 1916 में अतिवादियों को कांग्रेस में वापस ले लिया गया। 1916 के लखनऊ अधिवेशन में तिलक तथा बेसेंट ही प्रमुख व्यक्ति थे।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-309

40. **19 वीं सदी के उत्तरार्ध में नव हिन्दूवाद के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि थे-**

(A) रामकृष्ण परमहंस (B) स्वामी विवेकानंद
(C) बंकिम चंद्र चटर्जी (D) राजा राम मोहन राय

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-स्वामी विवेकानंद (1862-1902) नव हिन्दूवाद (Neo-Hinduism) के प्रचारक के रूप में उभरे। उन्होंने 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में काफी प्रतिष्ठा अर्जित की। 1897 में उन्होंने 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-276

41. **जनसंख्या घनत्व के आधार पर बिहार का स्थान है-**

(A) भारत में प्रथम
(B) भारत में द्वितीय
(C) भारत में तृतीय
(D) भारत में चतुर्थ

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-हालाँकि वर्तमान में 2011 की जनगणना के अनुसार प्रथम स्थान पर बिहार आ गया है। जनसंख्या घनत्व 1102 है। परन्तु 2001 की जनगणना के अनुसार बिहार द्वितीय स्थान पर था।

42. **चेरापूँजी अवस्थित है-**

(A) असम राज्य में (B) मणिपुर में
(C) मेघालय में (D) मिजोरम में

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-चेरापूँजी मेघालय राज्य में अवस्थित है। मासिनराम में संसार में सबसे अधिक औसत वार्षिक वर्षा होती है, जो खासी पहाड़ियों में स्थित है। चेरापूँजी इससे 16 किमी॰ पूर्व में स्थित है।

**स्रोत**-NCERT, भारत का भूगोल कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-32

43. **'विदर्भ' एक प्रादेशिक नाम है भारत में और यह-**

(A) गुजरात का अंग है (B) महाराष्ट्र का अंग है
(C) मध्य प्रदेश का अंग है (D) उड़ीसा का अंग है

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-महाराष्ट्र राज्य 1960 ई॰ में गुजरात से अलग होकर अस्तित्व में आया। दोनों बंबई प्रांत में सम्मिलित थे। ऐतिहासिक दृष्टि से महाराष्ट्र के तीन भाग हैं-पश्चिम महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा। इनमें विदर्भ ऐतिहासिक दृष्टि से प्राचीन है।

**स्रोत**-मनोरमा ईयर बुक, 2013, पृष्ठ सं॰-763

44. **भारत में कौन-सी फसल सर्वाधिक क्षेत्र में बोई जाती है?**

(A) मूँगफली (B) ज्वार
(C) चावल (D) गेहूँ

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-भारत का चावल का क्षेत्रफल संसार में सबसे अधिक है लेकिन चावल के उत्पादन में चीन के बाद भारत का दूसरा स्थान है। यह कुल फसली क्षेत्र के एक चौथाई भाग में उगाई जाती है। उष्णकटिबंधीय पौधा है। प्रमुख उत्पादक राज्य-पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडु।

**स्रोत**-NCERT सामाजिक विज्ञान, भाग-2 कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-24

45. **भारत का सर्वाधिक पटसन उत्पादक राज्य है-**

(A) आन्ध्र प्रदेश (B) बिहार
(C) तमिलनाडु (D) पश्चिम बंगाल

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-पटसन (जूट) उष्ण और आर्द्र जलवायु की फसल है। जूट पौधे से रेशा प्राप्त किया जाता है। जूट का सर्वाधिक उत्पादन राज्य प॰ बंगाल है।

**स्रोत**-NCERT सामाजिक विज्ञान भाग-2, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-27

46. **भद्रावती इस्पात केन्द्र स्थित है-**

(A) भद्रावती नदी पर (B) भद्रा नदी पर
(C) तुंग नदी पर (D) तुंगभद्रा नदी पर

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-विश्वेश्वरैया लोहा और इस्पात लिमिटेड, भद्रावती कर्नाटक राज्य में 1923 में स्थापित सार्वजनिक क्षेत्र की प्रथम कंपनी थी। यह भद्रावती नदी पर स्थापित की गई थी।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक -2012, पृष्ठ सं॰-121

Downloaded from: www.studymarathon.com

**47. गंगा के मैदान की पुरानी कछारी मिट्टी कहलाती है-**
(A) भाबर (B) बांगर
(C) खादर (D) खोण्डोलाइट

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-गंगा की पुरानी अपेक्षाकृत ऊँची भूमि पर फैले प्राचीन जलोढ़कों को 'बांगर' कहते हैं। नवीनतम जलोढ़को वाली बाढ़ के मैदानों की निम्न भूमि को 'खादर' और पंजाब में इसे 'बेट' कहते है।
**स्रोत**-NCERT, भारत भौतिक पर्यावरण, कक्षा-XI, पृष्ठ सं०-19

**48. भारत के अतिरिक्त प्रायद्वीपीय पर्वत निर्मित हुए है-**
(A) इयोजोइक महाकल्प में
(B) पेलियोजोइक महाकल्प में
(C) मीसोजोइक महाकल्प में
(D) केनोजोइक महाकल्प में

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-भारत के अतिरिक्त प्रायद्वीपीय पर्वत पेलियोजोइक महाकल्प में निर्मित हुए हैं। कैलिडोनियन पर्वत निर्माणकारी हलचल के परिणामस्वरूप विभिन्न पर्वत श्रेणियों एवं चट्टानों का निर्माण हुआ है।
**स्रोत**-NCERT कक्षा-XI भारत भौतिक पर्यावरण, पृष्ठ-10

**49. कपास उद्योग जिन कच्चे मालों पर आश्रित है, वे है-**
(A) भार-ह्रास मूलक (B) भार वृद्धि
(C) भार-सम मूलक (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-कपास भार-सम मूलक कच्चे माल पर आश्रित है। चूँकि कपास से सूती कपड़ा तथा रूई बनाने में जितना माल लगता है उतना ही तैयार होता है। इसलिए इसे भार-सम मूलक कहा जाता है।
**स्रोत**-NCERT भारत का भूगोल, कक्षा-X, पृष्ठ सं०-114

**50. पटना का स्थानीय समय-**
(A) भारतीय मानक समय से आगे
(B) वही जो भारतीय मानक समय है
(C) भारतीय मानक समय से पीछे
(D) भारतीय मानक समय से संबंधित नहीं है।

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-भारत का मानक समय $82\frac{1}{2}^0$ पूर्वी देशांतर पर निश्चित किया गया है, जो इलाहाबाद की नैनी से गुजरता है। पटना $85\frac{1}{2}^0$ पूर्वी देशांतर पर अवस्थित है। इस प्रकार $3^0$ का अंतर पाया जाता है अर्थात् 3×4=12 मिनट आगे। अतः पटना का स्थानीय समय भारत के मानक समय से आगे है।
**स्रोत**-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ सं०-15 एवं टी ttk स्कूल एटलस।

**51. विश्व का वृहत्तम डेल्टा निर्मित होता है-**
(A) गंगा-ब्रह्मपुत्र द्वारा (B) मिसीसिपी-मिसौरी द्वारा
(C) यांगटिसीक्यांग द्वारा (D) ह्वॉगहो द्वारा

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-गंगा-ब्रह्मपुत्र का डेल्टा विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा (△) है। यह चापाकार डेल्टा का उदाहरण है। इसका विस्तार भारत एवं बाग्लादेश में है।
**स्रोत**-देश और उनके निवासी, भाग-2, कक्षा-8, पृष्ठ सं०-33 एवं भौतिक भूगोल-सविन्द्र सिंह

**52. विश्व की सर्वाधिक लम्बी पर्वत शृंखला है-**
(A) हिमालय (B) एण्डीज
(C) रॉकीज (D) आल्पस

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-दक्षिण अमेरिका के पश्चिम तट पर विश्व की सबसे लम्बी पर्वतमाला है। यह हिमालय के बाद दूसरी सबसे ऊँची पर्वतमाला है। एकांकागुआ एंडीज का सबसे ऊँचा शिखर है। (6960 मीटर)
**स्रोत**-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ सं०-154

**53. सौरमण्डल का सर्वाधिक गर्म ग्रह है।**
(A) बुद्ध (B) शुक्र
(C) मंगल (D) पृथ्वी

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-सौर मण्डल का सबसे गर्म ग्रह शुक्र। शुक्र को सूर्य का चक्कर लगाने में 225 दिन लग जाते है। इसके वायुमंडल में 97% $CO_2$ गैस पायी जाती है, जिसके कारण बहुत गर्म होता है। इसका कोई उपग्रह नहीं है।
**स्रोत**-हाई स्कूल भौतिक, भारती भवन, कक्षा 10, 1997

**54. पृथ्वी को सूर्य की परिक्रमा करने में लगते हैं लगभग-**
(A) 365 दिन (B) 365.25 दिन
(C) 365.50 दिन (D) 365.75 दिन

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-सूर्य की परिक्रमा करने में 365.25 दिन लगते हैं। पृथ्वी के उपग्रह की संख्या एक है।
**स्रोत**-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ-8

**55. पृथ्वी पर घने वन अधिकतर मिलते है-**
(A) विषुवत रेखा के पास (B) कर्क रेखा के पास
(C) मकर रेखा पर (D) ध्रुवों के पास

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-विषुवत रेखा के पास उष्ण कटिबंधीय सदाहरित वन पाये जाते है। इन प्रदेशों में भारी वर्षा होती है। गर्म एवं आर्द्र दशाओं में विभिन्न प्रकार की वनस्पति में तेजी से वृद्धि होती है। यही कारण है कि यहाँ घने जंगल तथा कठोर लकड़ी वाले पेड़ पाये जाते हैं।
**स्रोत**-NCERT, पर्यावरण बोध, कक्षा-X पृष्ठ सं०-66

Downloaded from: www.studymarathon.com

56. **जिस तारामण्डल के तारे ध्रुव तारे की ओर संकेत करते हैं। वह है-**

(A) सप्तऋषि (B) मृग
(C) वृश्चिक (D) वृष

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-सप्तऋषि तारामण्डल के निकट ध्रुवतारा स्थित रहता है।

**स्रोत**-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिक, कक्षा-10

57. **पृथ्वी की सतह का वह भाग जो पानी से ढँका है लगभग-**

(A) एक-चौथाई (B) आधा है।
(C) दो तिहाई है। (D) तीन-पाँचवा

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-पृथ्वी की सतह का दो तिहाई भाग जल से ढँका है। इस जल की कुल मात्रा का 97% भाग महासागर में तथा शेष 3% अलवण एवं ताजा जल के रूप में उपलब्ध है।

**स्रोत**-NCERT पर्यावरण बोध, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-38

58. **पृथ्वी की सतह से ओजोन परत की ऊँचाई है-**

(A) 10-20 किलोमीटर (B) 40-50 किलोमीटर
(C) 70-80 किलोमीटर (D) 110-120 किलोमीटर

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-तापक्रम एवं वायुदाब के आधार पर वायुमण्डल को चार मुख्य संस्तरों में बाँट सकते हैं-क्षोभमंडल, समतापमण्डल, मध्य मंगल, उष्ण या आयन मण्डल। ओजोन परत, समताप मण्डल के निचले भाग में 15 किलोमीटर से 35 किमी॰ के बीच ओजोन गैस का मण्डल होता है। इसकी ऊपरी सीमा 55 किमी॰ तक बताई जाती है। ओजोन का सर्वाधिक घनत्व 20 से 25 किमी॰ के मध्य रहता है। यह पराबैंगनी विकिरण का अवशोषण करता है।

**स्रोत**- भौतिक भूगोल-सविन्द्र सिंह, पृष्ठ-405-406 एवं NCERT, पर्यावरण बोध, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-107,108

59. **पृथ्वी पर मरुभूमि होने की संभावना अधिक रहती है-**

(A) $0^0$ अक्षांश (B) $23^0$ अक्षांश के पास
(C) $50^0$ अक्षांश के पास (D) $70^0$ अक्षांश के पास

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-पृथ्वी पर मरुभूमि होने की संभावना सबसे अधिक $23^0$ अक्षांश के पास होती है।

**स्रोत**-इण्टर भूगोल (भाग-2) सुरेश प्रसाद, पृष्ठ-169

60. **निम्नलिखित में कौन आर्थिक विकास के लिए प्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण नहीं है-**

(A) मुद्रा की मात्रा (B) मूल्य स्थिरता
(C) बचत दर (D) संसाधनों का उपयोग

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-आर्थिक विकास का तात्पर्य होता है, किसी देश में गुणात्मक विकास यानी सभी क्षेत्रों में विकास। आर्थिक विकास के लिए बचत दर में वृद्धि को महत्वपूर्ण माना है। क्योंकि इससे पूँजी का निर्माण होता है। संसाधनों का समुचित उपयोग अल्प विकसित देशों में नहीं हो पाता। मूल्य स्थिरता भी आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाता है। किन्तु मुद्रा की मात्रा अल्पविकसित देश में स्फीतिकारी होती है। वो आर्थिक विकास में हानि पहुँचाती है।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, मिश्रा एवं पुरी-30,31,32

61. **भारत सरकार की आय का सबसे बड़ा स्रोत है-**

(A) रेलवे (B) उत्पाद कर
(C) बिक्रीकर (D) प्रत्यक्ष कर

उत्तर-(D)

62. **भारत में सबसे प्राचीन वृहत स्तरीय उद्योग है-**

(A) लोहा एवं इस्पात (B) पटसन
(C) कपास (D) कागज

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-भारत के सभी उद्योगों में सबसे प्राचीन एवं वृहत उद्योग कपड़ा उद्योग है। यह कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार प्रदान करता है। भारत में प्रथम आधुनिक स्तर के कपड़ा उद्योग की स्थापना 1818 ई॰ में कोलकात्ता के निकट फोर्ट गलॉस्टर में स्थापित हुई, जो असफल रहा। बंबई में 1884 में कवास जी. एन. डावर द्वारा स्थापित दूसरा मिल था, जो सफल रहा।

**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक भारतीय अर्थव्यवस्था-2012, पृष्ठ सं॰-120

63. **जीवन बीमा निगम एक उदाहरण है-**

(A) व्यावसायिक बैंक (B) विकास बैंक का
(C) निवेश बैंक (D) सहकारी बैंक का

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना 1964 में की गई थी। भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना सितम्बर 1956 में की गई। साधारण बीमा की स्थापना नवम्बर 1972 में भारत सरकार ने किया। ये सभी निवेश बैंक के उदाहरण है।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ 165, 168, दत्त एवं सुनदरम, पृष्ठ-945

64. **भारतीय रूपये की विनियम दर निर्धारित होती है-**

(A) संयुक्त राज्य (अमेरिका) डालर के सम्बन्ध में
(B) ब्रिटिश पाउण्ड के संबंध में
(C) कुछ चयनित मुद्राओं के संबंध में
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-भारत में रुपये की विनिमय दर कुछ चयनित मुद्राओं के द्वारा निर्धारित की जाती है, जैसे-पौण्ड स्टार्लिंग, अमेरिकी डॉलर, जापानी येन तथा जर्मन मार्क आदि।

**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक, भारतीय अर्थव्यवस्था-316

Downloaded from: www.studymarathon.com

**65. निम्नलिखित स्रोतों में किससे भारत वर्ष सबसे अधिक विद्युत प्राप्त करता है?**

(A) जल (B) तापीय
(C) नाभिकीय (D) गैर-पारम्परिक

उत्तर-(B)

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-68

**66. अन्त्योदय कार्यक्रम का उद्देश्य है-**

(A) अल्पसंख्यकों का विकास
(B) दलितों की उन्नति
(C) गरीबों में सबसे गरीब की सहायता
(D) गरीबी का पूर्ण उन्मूलन

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-अंत्योदय अन्न योजना 25 दिसम्बर, 2000 अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार द्वारा चलाई गई। इसके तहत देश में निर्धनतम परिवारों को प्रतिमाह 35 Kg. अनाज विशेष रियायती मूल्य पर दिया जाता है।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, पृष्ठ सं०-177

**67. बिहार में ग्रामीण शहरी जनसंख्या का क्या अनुपात है।**

(A) 40:60 (B) 20:80
(C) 50:50 (D) 80:20

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-अविभाजित बिहार की 80% जनसंख्या गाँवों में निवास करती है। सर्वाधिक ग्रामीण आबादी उत्तर बिहार में है, जबकि द० बिहार में शहरीकरण ज्यादा है। अब झारखण्ड अलग हो गया है।

**स्रोत**-बिहार एक परिचय, इम्तियाज अहमद, पृष्ठ० सं०-245

**68. नीचे वक्तव्य दिए गए हैं जिसमें एक कथन (A) और दूसरा कथन (R) है दोनों को ध्यान पूर्वक पढ़ें-**

**कथन** (A) : समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम जैसे अन्य कार्यक्रमों को उतनी सफलता नहीं मिली है, जितनी आशा की जाती है।

**कथन** (R) : केन्द्रीयकृत ढाँचे के कारण कार्यान्वयन अपर्याप्त रहा है।

**कूट :**

(A) A और R दोनों सही है तथा A की सही व्याख्या R करता है।
(B) A और R दोनों सही है और A की सही व्याख्या R नहीं करता है।
(C) A सत्य है परन्तु R असत्य है।
(D) R सत्य है किन्तु A असत्य है।

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-कार्यक्रमों का क्रियान्वयन तथा आयोजन ठीक नहीं रहा। सभी विकास खण्डों के लिए एक सी योजना बनी तथा स्थानीय परिस्थितियों को अनदेखा किया गया। साथ ही प्रशिक्षित लोगों की कमी एवं भ्रष्टाचार का बोलवाला रहा।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, मिश्रा एवं पुरी, पृष्ठ सं०-183, 2001 संस्करण।

**69. भारत की प्रमुख खाद्य फसल है-**

(A) गेहूँ (B) चावल
(C) मकई (D) दलहन

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-भारत की प्रमुख खाद्य फसल चावल, दूसरी गेहूँ है।

**70. भारतीय योजना आयोग में पदेन अध्यक्ष होते है-**

(A) योजना मंत्री (B) प्रधानमंत्री
(C) राष्ट्रपति (D) रिजर्व बैंक के गर्वनर

उत्तर-(B)

**71. योजना आयोग का स्वरूप क्या है-**

(A) सरकारी विभाग (B) परामर्शदात्री संस्था
(C) स्वायत्त निकाय (D) एक मन्त्रालय

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-योजना आयोग का गठन 15 मार्च, 1950 को एक सलाहकारी, परामर्शदात्री व विशेषज्ञ संस्था के रूप में किया गया था। यह एक गैर संवैधानिक निकाय हैं। भारत के प्रधनमंत्री इसका पदेन अध्यक्ष होता है।

**72. भारत में आर्थिक विकास अवरूद्ध रहा है मुख्यतः-**

(A) अकुशल कृषि व्यवस्था के कारण
(B) अनियमित औद्योगिकीकरण के कारण
(C) पाश्चात्य सामाजिक अभिवृत्ति के कारण
(D) उपरोक्त सभी

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-भारत के आर्थिक विकास में निम्नलिखित तत्वों ने अवरोधक का कार्य किया है-पूँजी का अभाव, पिछड़ी तकनीकी, अकुशल कृषि व्यवस्था, जनसंख्या संबंधी समस्याएँ राजनैतिक कारक, प्रशासनिक कारक, सामाजिक कारक इत्यादि।

**स्रोत**-भारतीय अर्थव्यवस्था, मिश्रा एवं पुरी, पृष्ठ सं०-14

**73. भारत की आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है-**

(A) सन 1990-95 (B) 1991-96
(C) सन 1992-1997 (D) उपरोक्त में से कोई नही

उत्तर-(C)

**74. राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्त किस प्रकार मौलिक अधिकारों से भिन्न है ?**

(A) पूर्वोक्त केन्द्रीय सरकार के लिए और उपरोक्त राज्यों के लिए।
(B) पूर्वोक्त केन्द्रीय सरकार के लिए और उपरोक्त राज्यों के लिए।
(C) निदेश प्रवर्तनीय नहीं हैं जबकि अधिकार प्रवर्तनीय हैं।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-मूल अधिकार और निदेशक तत्वों के उद्देश्य समान है किन्तु दोनों के बीच महत्वपूर्ण अन्तर है—

1. मूल अधिकार अधिकतर राजनीतिक अधिकार हैं। निदेशक तत्व सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार हैं।

Downloaded from: www.studymarathon.com

2. मूल अधिकार को न्यायालय प्रवृत्त करा सकते हैं और न्यायालय उसकी रक्षा करता है। किन्तु, न्यायालय राज्य को यह निर्देश नहीं दे सकता कि वह निदेशक तत्व को प्रभावी करे।

**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय-बी. के. शर्मा पृष्ठ सं॰-146

**75. भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची का संबंध है-**

(A) भारत की राष्ट्रीय भाषा से
(B) अनुसूचित एवं जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से
(C) न्यायिक पुनरावलोकन से
(D) दल बलदल विरोधी कानून से **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-संविधान के 52वाँ संशोधन द्वारा दल बदल विरोधी कानून बनाया गया तथा इस अधिनियम द्वारा अनु. 101, 102 और 191 में परिवर्तन कर 10वीं अनुसूची जोड़ी गई। ये संशोधन 1 मार्च 1985 से लागू हुए। 52वाँ संशोधन में यह उपबंध था कि यदि कोई व्यक्ति अपने मूल राजनीतिक दल को, दल के अन्य सदस्यों के साथ छोड़ देता है और ऐसे सदस्यों की संख्या उस विधायी दल की संख्या के एक तिहाई से कम नहीं है। तब यह माना जाएगा कि मूल राजनीतिक दल का विभाजन हो गया है। ऐसा विभाजन वैध माना जाएगा।

**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय बी.के. शर्मा पृष्ठ सं॰-392, 393

**76. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में कितने व्यक्ति मनोनीत किए जाते हैं ?**

(A) 10 (B) 15
(C) 12 (D) 20 **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-राज्य सभा में अधिक-से-अधिक 250 सदस्य हो सकते हैं। इसमें से 238 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते हैं और 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किये जाते हैं। मनोनीत व्यक्ति यह अपेक्षा कि जाती है कि साहित्य, विज्ञान कला एवं समाज सेवा का विशेष ज्ञान या व्यवहारिक अनुभव हो।

**स्रोत**-भारत का संविधान एक परिचय-बी. के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-180

**77. आम चुनावों में मतदान की आयु 21 वर्ष से घटकर 18 वर्ष कर दी गई है-**

(A) 73वें संशोधन द्वारा (B) 62वें संशोधन द्वारा
(C) 61वें संशोधन द्वारा (D) 71वें संशोधन द्वारा
**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-संविधान का 61वां संशोधन अधिनियम, 1988 के द्वारा मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया, यह मार्च, 1989 को लागू हुआ।

**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-291

**78. भारतीय नागरिकता नहीं प्राप्त की जा सकती है-**

(A) जन्म द्वारा (B) देशीकरण द्वारा
(C) किसी भू-भाग में सम्मिलित द्वारा
(D) भारतीय बैंक में धन जमा करके **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-नागरिकता के संबंध में संविधान के भाग-2, अनुच्छेद 5-11 में उल्लिखित है। अनु. 11 में कहा गया है कि संसद नागरिकता के अधिकार को विधि द्वारा अर्जन एवं निरसन कर सकता है। 1955 में पारित किए भारतीय नागरिकता अधिनियम में नागरिकता प्राप्ति संबंधित मुख्य तरीके निम्नलिखित दिये गये है—जन्म द्वारा, उद्भव द्वारा, रजिस्ट्रीकरण द्वारा, देशीयकरण द्वारा, राज्यक्षेत्र के सम्मिलित किए जाने पर।

**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-63, हमारा संविधान-सुझाव काश्यप, पृष्ठ सं॰-69

**79. संविधान में मंत्रिमण्डल ( कैबिनेट ) शब्द का एक ही बार प्रयोग हुआ है और वह है-**

(A) अनुच्छेद 352 में (B) अनुच्छेद 74 में
(C) अनुच्छेद 356 में (D) अनुच्छेद 76 में
**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-अनुच्छेद 74 कहता है कि राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रीपरिषद होगी तथा राष्ट्रपति ऐसी सलाह के अनुसार कार्य करेगा।

**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ-156

**80. भारतीय संविधान के अनुसार राज्यों की विधायिका में सम्मिलित है-**

1. विधान परिषद् एवं न्यायालय
2. विधानसभा एवं विधान परिषद्
3. विधानसभा एवं राज्यपाल
4. राज्यपाल, विधानसभा एवं विधान परिषद जहाँ इसका अस्तित्व है।

अपना उत्तर निम्नलिखित कूटों से चुने-

(A) केवल 3 (B) 2 एवं 3
(C) 3 एवं 4 (D) केवल 4 **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-किसी राज्य का विधानमंडल या विधायिका, राज्यपाल तथा विधानसभा से मिलकर बनेगा, सिवाय उन कुछ राज्यों के जहाँ विधान सभा तथा विधान परिषद के रूप में दो सदन है।

**स्रोत**-हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-217

**81. राज्यसभा को स्थायी सदन कहते हैं क्योंकि-**

(A) सभी सदस्य आजीवन सदस्य होते हैं
(B) इसे विघटित नहीं किया जा सकता है
(C) कुछ सदस्य प्रति दो वर्ष में अवकाश ग्रहण करते हैं
(D) (B) एवं (C) दोनों ही सही है। **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-भारतीय संविधान में अनुच्छेद 80 में राज्य सभा



Downloaded from: www.studymarathon.com

की चर्चा की गयी हैं। यह उच्च एवं स्थायी सदन है। इसका विघटन कभी नहीं होता। इसके सदस्य का कार्यकाल 6 वर्ष होती है। प्रत्येक दो वर्ष पर एक तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं।

स्रोत–हमारा संविधान–सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰–167

**82. भारत के राष्ट्रपति को यह अधिकार नहीं प्राप्त है कि वह–**

(A) क्षमादान करे

(B) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाए

(C) आपातकाल की घोषणा करे

(D) अध्यादेश जारी करे **उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश को उसके पद से राष्ट्रपति के आदेश से तभी हटाया जा सकता है जब कदाचार या असमर्थता के आधार पर उसे हटाए जाने के लिए संसद के प्रत्येक सदन द्वारा उस सदन की कुल संख्या के बहुमत द्वारा तथा उस सदन के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा समर्थित समावेदन को राष्ट्रपति के समक्ष उसी सत्र में रख दिया जाए। प्रक्रिया को संसद विधि द्वारा विनियमित कर सकती है।

**स्रोत**–हमारा संविधान, सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰–195

**83. संघीय मंत्रिपरिषद के मंत्री उत्तरदायी होते हैं–**

(A) प्रधानमंत्री के प्रति (B) राष्ट्रपति के प्रति

(C) संसद के प्रति (D) केवल लोक सभा के प्रति

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–भारत ने इंग्लैण्ड की नकल कर संसदीय लोकतंत्र अपनाया है। मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होती है। मंत्रीपरिषद के विरुद्ध अविश्वास का प्रस्ताव केवल लोकसभा में ही लाया जा सकता है।

**स्रोत**–भारत का संविधान–एक परिचय, बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं॰–179

**84. मौलिक कर्त्तव्यों को निर्धारित किया गया–**

(A) 40वें संशोधन द्वारा (B) 43वें संशोधन द्वारा

(C) 42वें संशोधन द्वारा (D) 39वें संशोधन द्वारा

**उत्तर–(C)**

**85. भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया–**

(A) 26 नवम्बर, 1949 को (B) 15 अगस्त, 1949 को

(C) 2 अक्टूबर, 1949 को (D) 15 नवम्बर, 1949 को

**उत्तर–(A)**

**व्याख्या**–भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को स्वीकृत किया गया और 26 जनवरी, 1950 को पूर्ण रूप से लागू हुआ।

**स्रोत**–भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰–25

**86. भारतीय संविधान का 73 वाँ संशोधन प्रावधान करता है–**

(A) पहली बार पंचायत राज का

(B) पंचायतों पर प्रशासकीय नियंत्रण हटाने का

(C) पंचायत चुनावों की विधि में परिवर्तन का

(D) पंचायत चुनावों को आदेशात्मक तथा लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों के समकक्ष बनाने का **उत्तर–(D)**

**87. एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाली दूसरी भारतीय महिला थी।**

(A) बछेन्द्री पाल (B) सन्तोष यादव

(C) एम. श्रीलेखा (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(B)**

**व्याख्या**–एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बछेन्द्री पाल थीं एवं दूसरी महिला सन्तोष यादव। इसके अलावा सन्तोष यादव तीन बार एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला भी बनी।

**स्रोत**–मनोरमा ईयर बुक–2013

**88. सन्त कबीर के सम्मान में मगहर महोत्सव प्रारम्भ किया था वर्ष–**

(A) 1987 में (B) 1985 में

(C) 1990 में (D) 1975 में **उत्तर–(C)**

**89. अन्तिम जनगणना प्रतिवेदन के अनुसार भारत की जनसंख्या वृद्धि दर थी–**

(A) 129.9% (B) 84.25%

(C) 254% (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(D)**

**व्याख्या**–जनसंख्या की दशकीय प्रतिशत वृद्धि दर इस प्रकार है—

| | |
|---|---|
| 1971–81 ई. | 24.66% |
| 1981–91 ई. | 23.85% |
| 1991–2001 ई. | 21.34% |

**90. दक्षिण एशियाई प्राथमिकता व्यापार समझौता 'साप्टा' का औपचारिक उद्घाटन हुआ।**

(A) 7 दिसम्बर, 1994 को (B) 7 नवम्बर, 1993 को

(C) 7 दिसम्बर, 1995 को (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(C)**

**व्याख्या**–'साप्टा' सार्क देशों का एक व्यापार समझौता हैं 'साप्टा' का प्रस्ताव श्रीलंका ने सन् 1991 में छठें शिखर सम्मेलन में रखा था। यह समझौता 7 दिसम्बर, 1995 से प्रभावी हुआ।

**स्रोत**–भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगित दर्पण अतिरिक्तांक, 2013-2014, पृष्ठ सं॰–305

**91. परमाणु नाभिक के अवयव है–**

(A) इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन

(B) इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रॉन

(C) प्रोट्रॉन और न्यूट्रॉन

(D) प्रोट्रॉन, न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन **उत्तर–(C)**



Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-परमाणु के नाभिक में प्रोट्रॉन एवं न्यूट्रॉन होता है। इलेक्ट्रॉन नाभिक की बाहरी कक्षा में होता है। प्रोट्रॉन धनआवेश, इलेक्ट्रॉन पर ऋण आवेश तथा न्यूट्रॉन उदासीन कण होता है।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-I, भारती भवन, पृष्ठ-71,72,73

**92. मच्छर भगाने वाली दवाओं में सक्रिय रसायन है-**

(A) एलिथ्रिन (B) एट्रोपिन

(C) 2-आइसोप्रोपॉक्सीफिनाइल

(D) बेन्जीन हेक्साक्लोरोफीन

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-एलिथ्रिन संश्लेषित पायरेथाइराइड कीटनाशक है जो मच्छरों को भगाने वाली दवाओं में इस्तेमाल किया जाता है। मच्छर इसकी गन्ध से भाग जाते हैं।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-IX

**93. किसी परमाणु-नाभिक का आइसोटोप वह नाभिक है जिसमें-**

(A) न्यूट्रॉनों की संख्या वही होती है, परन्तु प्रोटॉनों की संख्या भिन्न होती है

(B) प्रोट्रॉनों की संख्या वही होती है परन्तु न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है।

(C) प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों दोनों की संख्या वही होती है। परन्तु इलेक्ट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है।

(D) प्रोट्रॉनों और न्यूट्रॉनों दोनों की संख्या भिन्न होती है।

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-एक ही तत्व के परमाणु जिनकी परमाणु संख्याएँ समान किन्तु द्रव्यमान संख्याएँ भिन्न-भिन्न होती हैं, समस्थानिक (Isotoper) कहलाती हैं। तत्वों के समस्थानिकों की परमाणु संख्या समान होने का कारण यह है कि उनके नाभिक में प्रोट्रॉन की संख्या समान होती है, किन्तु न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-I, भारती भवन, पृष्ठ सं०-77

**94. यदि किसी ऐनक के लेंस की शक्ति** +2 डायोप्टर हो, तो इसकी फोकस दूरी होगी—

(A) 200 cm (B) 100 cm

(C) 50 cm (D) 2 cm

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-लेन्स की फोकस दूरी $= \frac{100}{D}$ जहाँ D = डायोप्टर

$$= \frac{100}{2} = 50cm$$

**95. 100 वाट का बिजली का बल्ब यदि 10 घंटे जले तो बिजली का खर्च होगा—**

(A) 0-1 इकाई (B) 1 इकाई

(C) 10 इकाई (D) 100 इकाई

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-बिजली का खर्च $= \frac{\text{वाट} \times \text{घण्टा}}{1000}$

$$= \frac{100 \times 10}{1000} = 1 \text{ इकाई (Unit)}$$

**96. भारी पानी वह पानी होता है—**

(A) जिसका तापमान 4°C पर स्थिर रखा जाता है।

(B) जिसमें कैल्शियम और पोटेशियम के अविलेय लवण होते है।

(C) जिसमें हाइड्रोजन का स्थान आइसोटोप ले लेता है।

(D) जिसमें ऑक्सीजन का स्थान उसका आइसोटोप ले लेता है।

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-डयूटीरियम ($D_2O$) भारी हाइड्रोजन का नाभिक होता है जिसमें एक प्रोटॉन तथा एक न्यूट्रॉन होता है। इसका उपयोग नाभिकीय रिऐक्टर में मंदक के रूप में किया जाता है। ड्यूटीरियम ($D_2O$) को ही भारी पानी कहा जाता है।

स्रोत-NCERT कक्षा-10 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं०-135

**97. ठण्ड के दिनों में लोहे के गुटकों और लकड़ी के गुटकों को प्रातःकाल छुएँ तो लोहे का गुटका ठण्डा लगता है क्योंकि—**

(A) लोहे के गुटके का ताप लकड़ी के गुटके से कम होता है।

(B) लकड़ी की तुलना में लोहा उष्मा का अच्छा चालक है।

(C) लकड़ी की तुलना में लोहा उष्मा का खराब चालक है

(D) लोहे गुटका लकड़ी से भारी होता है।

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-लोहा ऊष्मा का सुचालक तथा लकड़ी ऊष्मा की कुचालक होती है। अतः प्रातःकाल में लोहा इसलिए ठण्डा हो जाता है कि वह अच्छा चालक होता है। लकड़ी ठण्डा कम इसलिए होता है, क्योंकि वह कुचालक होता है।

स्रोत-NCERT, कक्षा-10, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं०-143

**98. हवा में जिस गैस की मात्रा सबसे अधिक है वह है-**


(A) हाइड्रोजन (B) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड

(C) ऑक्सीजन (D) नाइट्रोजन

उत्तर-(D)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-




स्रोत-भौतिक भूगोल, लेखक-सुरेश प्रसाद।

**99. सौर मण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है—**

(A) पृथ्वी (B) मंगल
(C) वृहस्पति (D) शनि

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-वृहस्पति सौरमंडल का सबसे विशाल एवं अत्यधिक द्रव्यमान वाला ग्रह है। दूरी के क्रम में सूर्य से पाँचवां स्थान पर है तथा उपग्रहों की संख्या भी सबसे अधिक इसी की है (संख्या-63)। बुद्ध सौरमंडल का सबसे छोटा ग्रह तथा दूरी के क्रम में सूर्य से सबसे नजदीक है।

**स्रोत**-NCERT कक्षा-10 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-259

**100. सेल्सियस स्केल पर मानव शरीर का सामान्य तापमान होगा ?**

(A) 31°C (B) 98.4° C
(C) 36.9°C (D) 31.5°C

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-फारेनहाइट पैमाने पर मनुष्य के शरीर का ताप 98°6°F होता है, जबकि सेल्सियस पैमाने पर 37°C होता है। शरीर का ताप मापने के लिए सबसे उपयुक्त यंत्र पारा थर्मामीटर होता है।

**स्रोत**-NCERT कक्षा-10 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-144

**101. दो स्टेशनों $A$ और $B$ के बीच की दूरी 70 किमी. है, एक रेलगाड़ी 80 किमी. प्रति घण्टा की चाल से $A$ से $B$ की ओर प्रस्थान करती है तथा उसी समय एक रेलगाड़ी 1 किमी. प्रति मिनट की चाल से $B$ से $A$ की ओर प्रस्थान करती है, तो वे एक-दूसरे से निम्न समय बाद मिलती है।**

(A) 60 मिनट (B) 45 मिनट
(C) 30 मिनट (D) 15 मिनट उत्तर-(C)

**व्याख्या**-1 किमी./घण्टा = 60 किमी./घण्टा

दोनों ट्रेन को एक-दूसरे में मिलने में लगा समय

$$= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{चालों का योग}} = \frac{70}{80+60} = \frac{70}{140} = \frac{1}{2} \text{ घंटा}$$

$\frac{1}{2}$ घण्टा = 30 मिनट

**102. 3 सेमी., 4 सेमी. तथा 5 सेमी. भुजाओं वाले तीन घन किसी धातु के बने हैं। इनको गलाकर एक नया घन बनाया जाता है, नए घन वर्ग की भुजा है-**

(A) 6 सेमी (B) $7\frac{1}{2}$ सेमी.
(C) $4\frac{1}{2}$ सेमी. (D) 4 सेमी. उत्तर-(A)

**व्याख्या**-(नए घन की भुजा)$^3$ = (पहले घन की भुजा)$^3$ + (दूसरे घन की भुजा)$^3$ + (तीसरे घन की भुजा)$^3$

$= (3)^3 + (4)^3 + (5)^3 = 27 + 64 + 125 = 216$

$\therefore$ नए घन की भुजा $= \sqrt[3]{216} = 6$ सेमी.

**103. तीन रूढ़ संख्याओं का योग 100 है। उनमें से एक दूसरे से 36 अधिक है, उच्चतम रूढ़ संख्या है-**

(A) 31 (B) 67
(C) 73 (D) 79 उत्तर-(B)

**व्याख्या**-माना कि पहली रूढ़ संख्या $x$ है-

दूसरी रूढ़ संख्या $= 36 + x$

तीसरी रूढ़ संख्या $= 100 - (36 + x + x) = 64 - 2x$

$\therefore$ $x = 31$ रखने पर $64 - 31 \times 2 = 2$

2 एक रूढ़ संख्या है। इस प्रकार रूढ़ संख्याएँ है-
2, 31 तथा 67 जिसमें से उच्चतम रूढ़ संख्या 67 है।

**104. किसी धन पर 2 वर्ष का साधारण ब्याज 160/- रु. है, जबकि चक्रवृद्धि ब्याज 164/- रु. है, ब्याज की दर है-**

(A) 4% (B) 5%
(C) 6% (D) 10% उत्तर-(B)

**व्याख्या**-दो वर्ष का साधारण ब्याज = 160 रु.

2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज = 164 रु.

$\therefore$ दोनों में अन्तर = (164 – 160) = 4 रु.

अर्थात् एक वर्ष के साधारण ब्याज का ब्याज = 4 रु.

1 वर्ष का साधारण ब्याज $= \frac{160}{2} = 80$ रु.

$\therefore$ ब्याज की दर = दो वर्ष के चक्रवृद्धि तथा

$$\frac{\text{साधारण ब्याज का अन्तर} \times 100}{\text{एक वर्ष का साधारण ब्याज} \times \text{समय}}$$

$$= \frac{4 \times 100}{80 \times 1} = 5\%$$

**105. किसी चुनाव में मतदाताओं के 20% ने भाग नहीं लिया। केवल दो प्रत्याशी थे राम और श्याम। राम को कुल मतों का 42% मिला और उसने श्याम को 400 मतों से पराजित कर दिया। राम को मिले-**

(A) 4200 मत (B) 3800 मत
(C) 3360 मत (D) 3000 मत उत्तर-(A)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-माना कि मतदाताओं की संख्या $= x$

वोट डालने वाले मतदाता $= \frac{80x}{100}$

राम को मिले कुल वोट $= \frac{42x}{100}$

श्याम को मिले कुल वोट $= \frac{80x}{100} - \frac{42x}{100} = \frac{38x}{100}$

अब $\frac{42x}{100} - \frac{38x}{100} = 400$

$\frac{4x}{100} = 400$

$\therefore \; x = 10000$

अतः राम को मिले वोट $= \frac{42}{100} \times 10000 = 4200$

**106. अपनी सामान्य दर के $\frac{3}{4}$ से चलने पर, एक मनुष्य को डेढ़ घण्टे का विलम्ब होता है, उसका सामान्य समय है-**

(A) 4 घण्टे (B) $4\frac{1}{2}$ घण्टे

(C) $5\frac{1}{2}$ घण्टे (D) 6 घण्टे **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-माना कि मनुष्य के चलने की सामान्य दर $x$ किमी/घण्टा और सामान्य समय $x$ घण्टा है।

दूरी $= xy$ किमी.

$\therefore$ नई चाल $= \frac{3y}{4}$ किमी./घण्टा

$\therefore \; xy = \left(x + \frac{3}{2}\right) \frac{3y}{4}$ $\left[\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}\right]$

या, $\frac{4x}{3} = x + \frac{3}{2}$

या, $\frac{4x}{3} - x = \frac{3}{2}$

या, $\frac{x}{3} = \frac{3}{2}$

या, $x = \frac{9}{2} = 4\frac{1}{2}$ घण्टा

**107. निम्नलिखित प्रश्न सन् 1930 में रखा गया, मृत्यु के समय एक मनुष्य की उम्र उसके जन्म के वर्ष का उन्तीसवाँ $\left(\frac{1}{29}\right)$ भाग थी। यदि मृत्यु के समय उम्र पूर्ण वर्षों में थी, तो वर्ष 1900 में उसकी उम्र क्या थी ?**

(A) 74 वर्ष (B) 45 वर्ष

(C) 44 वर्ष (D) 54 वर्ष **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-माना वर्ष 1900 में मनुष्य की उम्र $x$ वर्ष

उसके जन्म का वर्ष $= 1900 - x$

मृत्यु के समय उसकी आयु $= \frac{1900 - x}{29}$

चूँकि मृत्यु के समय मनुष्य की आयु पूर्ण वर्ष में थी।

$\therefore \; \frac{1900 - x}{29}$ पूर्ण संख्या होनी चाहिए, जो 29 से पूर्णतः विभाजित हो जाती हो।

$\therefore \; 1900 - x = 1856$

$\therefore \; x = 1900 - 1836 = 44$ वर्ष।

**108. यदि $7^{13} + 1, 6$ द्वारा भाज्य हो, तो शेष है-**

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) 3 **उत्तर-(C)**

**109. अनुक्रम 1,2,5,......................677 में लुप्त संख्या है।**

(A) 26 (B) 37

(C) 126 (D) 217 **उत्तर-(A)**

**110. सन् 1993 ई० के साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया।**

(A) अर्द्धनारीश्वर (B) नीला चाँद

(C) मैं वक्त के सामने हूँ

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं। **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-सन् 1993 में साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए हिन्दी उपन्यास अर्द्धनारीश्वर को चुना गया था। यह पुरस्कार सन् 1955 ई० से अंग्रेजी सहित 22 भारतीय भाषाओं में दिया जाता है।

**स्रोत**-मनोरमा ईयर बुक, 2012

**111. बिहार में प्रस्तावित महिला आयोग की अध्यक्षता कौन करेगा।**

(A) बिहार का राज्यपाल

(B) बिहार का मुख्यमंत्री

(C) बिहार का मुख्य न्यायधीश

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(B)**

**112. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् में वर्तमान (1995-96) में बिहार के कितने सांसद सम्मिलित हैं?**

(A) 3 (B) 5

(C) 7 (D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(C)**

**113. अल्जीरिया के वर्तमान राष्ट्रपति कौन हैं-**

(A) लिथामिन जेरूअल (B) अलीजा इस तबेगोचि

(C) फ्रेन्जो तुजमान (D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-अल्जीरिया एक अफ्रीकी देश है। इसकी राजधानी अल्जीयर्स है एवं 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति लिथामिन जेरूअल थे।

Downloaded from: www.studymarathon.com

**114. गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) में प्रवेश पाने वाला नवीनतम सदस्य निम्नलिखित में कौन है।**

(A) यूक्रेज (B) तुर्कमेनिस्तान
(C) उज्बेकिस्तान
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-वर्तमान समय में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन में शामिल सदस्यों की संख्या 120 है। इसका पहला सम्मेलन सन् 1961 में बेलग्रेड में हुआ था। गुटनिरपेक्ष आन्दोलन में प्रवेश पाने वाला नवीनतम सदस्य तुर्कमेनिस्तान है। तुर्कमेनिस्तान भूतपूर्व सोवियत संघ का सदस्य भी था।

**115. सन् 1995 का राबर्ट एफ॰ कैनेडी मानवाधिकार पुरस्कार प्राप्त हुआ है-**

(A) कैलाश (B) दोआन वीत होते को
(C) न्यूएन डैन क्वे को (D) उपरोक्त सभी को

उत्तर-(B)

**116. सन् 1995 का विश्व सुन्दरी मुकुट प्रदत्त हुआ है-**

(A) जैकलीज ए॰ मार्कोनो को
(B) ऐश्वर्या को
(C) मनप्रीत बरार को
(D) अजिका मार्तिनोविय को

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-इस पुरस्कार की स्थापना सन 1931 में की गई थी। यह पुरस्कार मिस वर्ल्ड इन्कॉपरेशन लन्दन द्वारा विश्व के विभिन्न देशों की सुन्दरियों में सर्वश्रेष्ठ बहुमुखी सौन्दर्य का चयन कर उन्हें प्रदान किया जाता है। इसमें 50,000 पाउण्ड की राशि दी जाती है।

**117. शान्ति, निरस्त्रीकरण एवं प्रगति के लिए सन् 1995 का इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदत्त हुआ है-**

(A) जनरल ओबांसांजो को (B) लेथिन राजी को
(C) यित्जाक रॉबिन को (D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-इन्दिरा गांधी अन्तराष्ट्रीय पुरस्कार सन् 1986 से प्रारंभ किया गया। यह पुरस्कार अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति, नि:शस्त्रीकरण एवं विकास के लिए इन्दिरा गांधी स्मारक निधि द्वारा प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के तहत 25 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। सन 1995 में नाइजीरिया के जनरल ओलुसेगन ओबांसांजो को यह पुरस्कार प्रदान किया गया था।

**स्रोत**-यूनिक सामान्य अध्ययन, इलाहाबाद।

**118. एपेक (APEC) का पूर्ण रूप क्या है?**

(A) एशिया फॉर पीस एण्ड इकोनॉमिक्स को ऑपरेशन
(B) एशिया पैक्ट फॉर इन्वायरमेन्ट कन्ट्रोल
(C) एशिया पैसिकिल इनोनॉमिक कन्ट्रोल
(D) एशिया पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-एपेक (APEC) की स्थापना जून, 1992 में एशिया प्रशान्त क्षेत्र में आर्थिक सहयोग बढ़ने के उद्देश्य से की गई। एपेक की सदस्य संख्या 21 है। ऐपेक के सदस्य देश यूरोपीय आर्थिक समुदाय की तरह ऐपेक को भी स्वतंत्र व्यापार क्षेत्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील है।

**स्रोत**-यूनिक सामान्य अध्ययन, इलाहाबाद

**119. हिन्दी कविता के लिए सन् 1995 का व्यास सम्मान प्रदत्त हुआ है।**

(A) कुंवर नारायण को (B) कणंम मल्लेश्वरी को
(C) रूचिता मल्होत्रा को (D) दिनेश सिंह को

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-सन 1991 से प्रारंभ व्यास सम्मान के. के. बिड़ला फाउण्डेशन द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रचना के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार की राशि 2.5 लाख रूपये है। सन 1993 का व्यास सम्मान कुंवर नारायण को दिया गया था।

**120. सन 1995 की विश्व एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई थी-**

(A) मास्को में (B) स्टॉकहोम में
(C) मेड्रिड में (D) गॉटेनबर्ग में

उत्तर-(D)

**121. सन 1996 की यू. एस. ओपन टेनिस चैम्पियनशिप में महिलाओं की एकल प्रतियोगिता किसने जीती?**

(A) मोनिका सेलेस (B) स्टेफी ग्राफ
(C) मार्टिना हिंगिस
(D) अरान्तजा सान्चेज विकरियो

उत्तर-(A)

**122. सन 1995 की इण्डोनेशिया ओपन बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में पुरुषों की एकल प्रतियोगिता के विजेता थे।**

(A) आर्दी विरान्ता (B) बैंक हो हून
(C) सूसी सुशान्ती (D) जोको सुप्रियान्तो

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-सन 1995 की इण्डोनेशिया ओपन बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में पुरुषों की एकल प्रतियोगिता आर्दी विरान्ता ने जीती थी।

**स्रोत**-समसामयिकी प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक

**123. भारतीय तीरन्दाज लिम्बा राम ने स्वर्ण पदक जीता था।**

(A) फेडरेशन कप टूर्नामेन्ट सन 1995 में
(B) नेशनल आर्चरी चैम्पियनशिप सन 1995 में
(C) कॉमनवेल्थ आर्चरी चैम्पियनशिप सन 1995 में
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं। उत्तर-(A)

**व्याख्या**-भारतीय तीरन्दाज लिम्बाराम ने फेडरेशन कप टूर्नामेण्ट सन 1995 में स्वर्ण पदक जीता था।

**124. सन 1995 की एशियाई एथलेटिक्स प्रतियोगिता की पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान पाने वाला देश था।**

(A) चीन (B) भारत
(C) जापान (D) दक्षिण कोरिया

उत्तर-(A)



Downloaded from: www.studymarathon.com

125. नवम्बर 1995 ई॰ में अमेरिकी सैनिक की हत्या करने वाले दो क्रमिक विस्फोट हुए थे-
(A) इस्लामाबाद में (B) अरूसल्म में
(C) लॉस एजिलस में (D) रियाद्र में
उत्तर-(A)

126. विगत वर्षों में भिक्षुगण बिहार में आन्दोलन करते रहे हैं, नियन्त्रण प्राप्त करने के लिए।
(A) गया के महाबोधि मन्दिर का
(B) गया के विष्णुपाद मन्दिर का
(C) देव के सूर्य मन्दिर का
(D) उपरोक्त में कोई नहीं
उत्तर-(A)
व्याख्या-सन 1994-95 में बौद्ध भिक्षुओं ने गया के नजदीक स्थित बोधगया में अवस्थित महाबोधि मन्दिर पर नियन्त्रण स्थापित करने के लिए बिहार के अनेक स्थानों पर प्रदर्शन किया था। इस मन्दिर पर बिहार सरकार का नियन्त्रण है।

127. हॉकी का यूरोपीय राष्ट्रीय कप (1995) जीतने वाला देश था-
(A) नीदरलैण्ड (B) स्पेन
(C) जर्मनी (D) इंगलैण्ड
उत्तर-(C)

128. 'स्वर्णिम त्रिकोण' का तात्पर्य है-
(A) स्वर्ण उत्पादक देशों का एक संघ
(B) वरमुडा त्रिकोण जहाँ समुद्र की आभा स्वर्णिम है।
(C) थाईलैण्ड म्यान्मार आदि के नशीले पदार्थों का उत्पादन करने वाले क्षेत्र से।
(D) अफगानिस्तान, ईरान तथा पाकिस्तान आधारित तस्कर तिकड़ी
उत्तर-(D)
व्याख्या-अफगानिस्तान, ईरान तथा पाकिस्तान ड्रग्स तस्करों के लिए काफी माकूल देश है। इसलिए इसे स्वर्णिम त्रिकोण कहा जाता है।

129. चोगम शिखर सम्मेलन, 1995 (CHOGM, 1995) आयोजित हुआ था।
(A) सिडनी में (B) स्टॉकहोम में
(C) ऑकलैण्ड में (D) आयरलैण्ड में
उत्तर-(C)

130. 'द मूअर्स लास्ट साई' के लेखक है-
(A) पेग टायर (B) सलमान रूश्दी
(C) पी॰ जी॰ वुडहाउस (D) मेरी हिंगिस क्लार्क
उत्तर-(B)
व्याख्या-'द मूअर्स लास्ट साई' के लेखक सलमान रूश्दी हैं। इनके एक अन्य उपन्यास 'सेटेनिक वर्सेज' के विरुद्ध सम्पूर्ण मुस्लिम जगत में विरोध हुआ था। ईराक के धार्मिक गुरु आयतुल्ला खुमैनी ने उसके विरूद्ध मृत्युदण्ड का फतवा भी जारी किया था।

131. गण राजशेखर को उनकी तमिल फिल्म 'मोघ मुल्क' में मिलने वाला पुरस्कार था-
(A) दादा साहेब फाल्के पुरस्कार
(B) सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार
(C) इन्दिरा गाँधी एवार्ड फॉर बेस्ट फिल्म
(D) फिल्म फेयर अवार्ड
उत्तर-(C)

132. बिहार में सबसे कम जनसंख्या वाला जिला है-
(A) गोड्डा (B) गुमला
(C) कोडरमा (D) लोहरदग्गा
उत्तर-(D)
व्याख्या-तत्कालीन बिहार में लोहरदग्गा जिले की जनसंख्या सबसे कम थी। वर्तमान बिहार में शिवहर सबसे कम जनसंख्या वाला जिला है।
स्रोत-जनगणना रिपोर्ट-2011

133. झारखण्ड ''कैसेल ओवर ग्रेव्ज'' के लेखक हैं-
(A) शिबु सोरेन (B) शैलेन्द्र महतो
(C) विक्टर दास (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(C)

134. सन् 1995 की समाप्ति पर बिहार में जिलों की कुल संख्या थी-
(A) 55 (B) 52
(C) 50 (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(A)
व्याख्या-तात्कालिन बिहार में 55 जिले थे। वर्तमान में 38 जिले हैं।

135. बिहार में औद्योगिक वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु कौन प्रमुख वित्तीय संस्था है ?
(A) विश्व बैंक (B) विस्कोमान
(C) बिहार राज्य वित्त निगम
(D) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
उत्तर-(C)

136. 17वीं शताब्दी में बिहार में सोने की खान कहाँ स्थित थी-
(A) चंपारण (B) पटना
(C) सासाराम (D) झारखण्ड
उत्तर-(B)

137. बिहार में पटसन उद्योग की पट्टी है-
1. उत्तर-पश्चिम बिहार मैदान में
2. उत्तर-पूर्वी बिहार मैदान में
3. मध्य-दक्षिण बिहार मैदान में
4. दामोदर घाटी प्रदेश में
निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए-
(A) 1 एवं 2 (B) केवल 2
(C) 2 एवं 3 (D) 1 एवं 3
उत्तर-(D)



Downloaded from: www.studymarathon.com

**138. बिहार में कृषि योग्य भूमि का कितना प्रतिशत भाग सिंचित है ?**

(A) 5% से अधिक (B) 40% से 50%

(C) 30% से 40% (D) 30% से कम उत्तर-(C)

**139. देश के कुल खनिज उत्पादन का कितना प्रतिशत बिहार से प्राप्त होता है ?**

(A) लगभग 36% (B) लगभग 60%

(C) लगभग 16% (D) 30% से कम उत्तर-(C)

**व्याख्या**-तत्कालीन संयुक्त बिहार का देश के कुल खनिज उत्पादन में लगभग 16% योगदान था, परंतु झारखण्ड के अलग हो जाने पर वर्तमान में यह शून्य है।

**140. छोटानागपुर पठार की मुख्य फसल क्या है ?**

1. चावल 2. मकई

3. दलहन 4. गेहूँ

अपना उत्तर निम्नलिखित कूटों से चुनें-

(A) केवल 1 (B) 1 एवं 3

(C) 2 एवं 4 (D) 2 एवं 3 उत्तर-(D)

**141. बिहार में लौह-अयस्क प्राप्त होता है-**

(A) लोहरदगा में (B) दुमका में

(C) धनबाद में (D) सिंहभूम में उत्तर-(D)

**व्याख्या**-तत्कालीन बिहार में लौह-अयस्क सिंहभूम जिले में पायी जाती थी, परंतु अब यह झारखण्ड के हिस्से में है।

**142. छोटानागपुर के जंगल हैं-**

1. सदाबहार 2. पतझड़

3. सवाना 4. कांटेदार

अपना उत्तर निम्नलिखित कूटों से चुनें :

(A) 1 एवं 2 दोनों सही हैं (B) केवल 2 सही हैं

(C) 2 एवं 3 दोनों सही हैं (D) केवल 4 सही हैं

उत्तर-(C)

**143. बिहार का तराई प्रदेश विस्तृत है-**

(A) छोटानागपुर के उपरी पठार के समानांतर

(B) भारत-नेपाल के समानांतर

(C) रोहतास पठार के पूर्वी पठार के समानांतर

(D) राजमहल की पहाड़ियों की पश्चिम सीमा के समानांतर

उत्तर-(B)

**144. 20 वर्ष की आयु में मानव शरीर में हड्डियों की संख्या होती है, लगभग-**

(A) 100 (B) 200

(C) 300 (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-मानव शरीर में 206 हड्डियाँ होती है और बच्चों में 208 हड्डियाँ होती है।

**नोट**-चूँकि 'लगभग' शब्द जोड़ा गया है तो इसका उत्तर (B) भी हो सकता है, क्योंकि यह संख्या 206 के काफी निकट है।

**145. स्त्रियों की तुलना में पुरुष अधिक वर्णान्धता से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि-**

(A) वे अधिक मानसिक तनाव से गुजरते हैं।

(B) वे अधिक देर घर से बाहर रहते हैं।

(C) उनके केवल एक X- क्रोमोजोम होता है।

(D) उनमें साधारणतया कम चर्बी होती है।

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-वर्णान्धता एक आनुवांशिक रोग है, जिसका वाहक X- क्रोमोसोम होता है। चूँकि पुरुष में केवल एक X- क्रोमोसोम पाया जाता है। अत: वे इस रोग से अधिक पीड़ित होते हैं।

**146. एच. आई. वी. (HIV) द्वारा होने वाला रोग है-**

(A) क्षय रोग (B) आन्त्रशोध

(C) कैन्सर (D) एड्स

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-यह विषाणु से होने वाला रोग है। एड्स का कारक HIV (Human Immuno Defeciency Virus) है।

**स्रोत**-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰ 188।

**147. निम्नलिखित में से कौन एक कम्प्यूटर की भाषा नहीं है?**

(A) BASIC (B) C

(C) FAST (D) FORTRAN

उत्तर-(C)

**148. 11वीं जवाहरलाल नेहरू सॉकर टूर्नामेन्ट का विजेता था-**

(A) इराक (B) रूस

(C) भारत (D) सऊदी अरब

उत्तर-(A)

**149. निम्नलिखितमें से मूल अधिकारों का संरक्षक कौन है?**

(A) विधायिका (B) कार्यपालिका

(C) राजनीतिक दल (D) न्यायपालिका

उत्तर-(D)

**150. ग्यारह क्रमागत संख्याओं का योग 220 है। मध्य संख्या है-**

(A) 25 (B) 20

(C) 15 (D) 10

उत्तर-(B)

●●●

Downloaded from: www.studymarathon.com